12/09/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के कार्यान्वयन के लिए ग्रामीण विकास विभाग के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है। इस कार्यक्रम पर कुल 70 हजार एक सौ 25 करोड़ की लागत आएगी। नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत 62 हजार पांच किलोमीटर लंबी सडकें बनाने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। इससे अब तक सडक से न जुड़ी 25 हजार पात्र बस्तियों को नई कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि इसके अंतर्गत चालीस करोड़ श्रम दिवसों के लिए रोजगार सृजन भी होगा। सभी मौसम में काम करने वाली सड़कें दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में अपेक्षित सामाजिक आर्थिका विकास और परिवर्तन लाने में प्रेरेक भूमिका अदा करेंगी | 00000000000000000

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज देने को मंजूरी दे दी है। तीन हज़ार 437 करोड़ रुपये की इस योजना में आय संबंधी कोई सीमा नहीं रखी गई है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बारे में जो प्रतिबद्धता व्यक्त की थी वह इस महत्वपूर्ण निर्णय से पूरी हो गई है।

श्री वैष्णव ने कहा कि इससे वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपये तक के निशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके दायरे में देश के लगभग साढ़े चार करोड़ परिवार आएंगे और लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलेगा। श्री वैष्णव ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य गारंटी योजना है जो 12 करोड़ 34 लाख परिवारों के 55 करोड़ व्यक्तियों को अस्पताल में विशेष चिकित्सा खर्च के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत पात्र वरिष्ठ नागरिकों को नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जाएगा। इसमें पहले से चिकित्सा बीमा कराए परिवारों के 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को चिकित्सा खर्च के लिए प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का अतिरिक्त टॉप-अप कवर मिलेगा। पारिवारिक आधार पर 70 वर्ष और अधिक आयु के अन्य सभी वरिष्ठ नागरिकों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का बीमा कवर दिया जाएगा।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांण्डू ने पिछले एक दशक में राज्य में सीमावर्ती बुनायादी ढांचे के तेजी से विकास की सराहना करते हुए इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को दिया। राज्य के ग्यारह सीमावर्ती जिलों और उनतीस सीमावर्ती ब्लॉको में बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए की गई प्रगति पर प्रकाश डालते हुए श्री खाण्डू ने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों ने महत्वपूर्ण विकास देखा है। ये बात श्री खाण्डू ने बुधवार को नई दिल्ली में सीमा क्षेत्र विकास सम्मेलन में भाग लेते हुए कहा।

उन्होंने बाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम की सफलता पर भी प्रकाश डाला और इसके द्वारा लाए गए परिवर्तनकारी बदलावों का उल्लेख भी किया।

0000000000000

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों पर विशेष ध्यान देने के साथ ग्रामीण भारत की सामाजिक आर्थिक प्रगति और उत्थान, प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। ये बात श्री पासवान ने बुधवार को ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट में आयोजित समीक्षा बैठक में कही। इस बीच केंद्रीय मंत्री ने आज कहा कि केंद्र की एन डी ए सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने दावा किया कि एन डी ए सरकार के पिछले दस साल के शासन के दौरान क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास में तीन गुना वृद्धि हुई है, जिसे यू पी ए सरकार तीन दशकों की अवधि के दौरान हासिल नहीं कर सकी। श्री पासवान ईस्ट सियांग जिले के रुकसिन में तीन दिवसीय सेंट्रल सोलुंग समारोह के उदघाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

0000000000000000000

भारत -तिब्बत सीमा पुलिस (आई टी बी पी), उत्तर पूर्व सीमांत मुख्यालय के महानिरीक्षक डॉ. अकुन सभरवाल ने आज राजभवन ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टीनेंट जनरल के टी परनाईक से मुलाकात की। बैठक में वाइब्रेंट सीमावर्ती गांवों के विकास, सुरक्षा  बढ़ाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में संचार बुनियादी ढांचे में सुधार सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश में आई टी बी पी के प्रयासों और भूमिका की सराहना करते हुए उनकी व्यावसायिकता उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति प्रतिबद्धता और स्थानीय लोगों को सराहना प्रदान करने में उनके समर्थन पर प्रकाश डाला। राज्यपाल ने आई टी बी पी के आई जी से अपने कर्मियों को स्थानीय युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए सक्रिय रुप से प्रेरित करने की सलाह देने का भी आग्रह किया। डॉ.सभरवाल, जिन्होंने हाल ही में ईटानगर में पूर्वोत्तर सीमांत मुख्यालय का कार्यभार संभाला, ने राज्यपाल को बैठक में चर्चा के दौरान उठाए गए बिंदुओं पर ध्यान देने का आश्वासन दिया।

000000000000000000

ईस्ट कामेंग़ जिले के जिला अस्पताल, सेप्पा में कार्यरत एक समर्पित ए एन एम इकेन लोलेन को बुधवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा नेशनल फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड, 2024 से सम्मानित किया गया। सुश्री लोलेन को राज्य के दूरदराज और वंचित क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य सेवा आवश्यकता प्रदान करने में उनके उत्कृष्ट योगदान और असाधारण समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। उनके अथक प्रयासों और अटूट प्रतिबद्धता ने चिकित्सा सेवाओं पर गहरा प्रभाव डाला है।

000000000000000000

लोहित जिले में एक कार के खाई में गिर जाने से एक पुलिसकर्मी और एक युवा लड़के की मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रुप से घायल हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना डेमवे इलाके में दस नाला के पास हुई, जब तीनों मंगलवार को वाकरो में एक दोस्त के घर से वापस तेजू लौट रहे थे।

कार चला रहे अरुणाचल सशस्त्र पुलिस बटालियन (ए ए पी बी एन) के हेड कांस्टेबल टी अरांग और उनके सत्रह वर्षीय रिश्तेदार अबोह वांगसू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कास्टेबल वानजन लोवांग को गंभीर चोटे आई, जिन्हें तेजू जोनल अस्पताल ले जाया गया, जहा से डॉक्टरों ने उन्हे असम के डिब्रुगढ रेफर कर दिया।

0000000000000000000